सराहनीय कार्य थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद ।

थाना फरिहा व सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा एक नाबालिग अपहृता को पश्चिम बंगाल प्रान्त से सकुशल बरामद कर परिजनों के किया गया सुपुर्द ।

- **बच्ची की सकुशल बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा एसओजी / सर्विलांस सहित 06 पुलिस टीमों का गठन किया गया था ।**
- **ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में अपहरणकर्ता बच्ची को साइकिल पर ले जाता हुआ दिखाई दिया था ।**
- **आरोपी का पीछा करते हुए पुलिस टीमें बच्ची की खोज में पहुँची थी बिहार एवं पश्चिम बंगाल ।**
- **बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों ने फिरोजाबाद पुलिस को दिया धन्यवाद ।**

दिनाँक 15-08-2023 को वादी द्वारा थाना फरिहा पर तहरीर दी गयी कि 14-08-2023 को श्याम उर्फ सिम्बोला निवासी तपस्या थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद उसकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 09 वर्ष को आधार कार्ड बनवाने के नाम पर घर से लेकर गया था जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है । तहरीर के आधार पर थाना फरिहा पर आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में 06 पुलिस टीमों का गठन किया गया था ।

घटना के अनावरण के क्रम में पुलिस टीम द्वारा आरोपी श्याम उर्फ सिम्बोला के बारे में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि आरोपी अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड कर गया है, आरोपी की पत्नी व भतीजे आदि से गहनता से पूछताछ की गयी एवं स्थानीय लोगों से भी जानकारी की गयी किन्तु आरोपी द्वारा किसी से कोई सम्पर्क न रखने एवं शराबी व घुमन्तु प्रवृत्ति का होने के कारण उसके बारे में कोई ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही थी ।

आरोपी की तलाश करते हुए पुलिस की 02 टीमों को सभी मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक करने हेतु लगाया गया जिसके क्रम में कोटला से हाथवन्त की ओर जाने वाले रास्ते पर एक सीसीटीवी कैमरे में आरोपी श्याम उर्फ सिम्बोला उक्त बच्ची को साईकिल पर पीछे बैठा कर हाथवन्त की ओर जाते हुए दिखायी दिया था ।

सर्विलांस एवं थाना पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी के पश्चात आरोपी के डाटा विश्लेषण में एक अहम सुराग हाथ लगा जिसमें एक मोबाइल नम्बर को भोजपुर (बिहार) की लोकेशन पर ट्रैस किया गया था, उक्त नम्बर का विश्लेषण करने पर अन्य लोकेशन आसनसोल शहर (पश्चिम बंगाल) में प्राप्त हुई

जिस पर कार्यवाही करते हुए एक पुलिस टीम को तत्काल आसनसोल के लिए रवाना किया गया। आरोपी को पुलिस के आने की भनक लग जाने के कारण आरोपी उक्त बच्ची को अपने भतीजे के यहां छोडकर मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम द्वारा अपहृता बच्ची को पश्चिम बंगाल से दिनांक 27-08-2023 को सकुशल बरामद कर थाना फरिहा लाकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उसके माता-पिता को सुपुर्द किया गया। बच्ची को सकुशल पाकर अपहृता बच्ची के परिजनों की खुशी का ठिकाना न रहा और उन्होने फिरोजाबाद पुलिस का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया गया।

नाम-पता अपहृताः-

1.अपहृता उम्र करीब 09 वर्ष निवासी थाना क्षेत्र फरिहा जिला फिरोजाबाद।

नाम-पता अभियुक्तः-

1.श्याम उर्फ सिम्बोला उम्र 50 वर्ष पुत्र श्रीराम निवासी तपस्या थाना फरिहा जिला फिरोजाबाद।

बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री बैजनाथ सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद ।
2. उ0नि0 श्री नितिन त्यागी सर्विलांस प्रभारी जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री सोबरन सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
4. का0 971 वैभव कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
5. कां0 674 तेजवीर सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
6. कां0 लोकेश कुमार सर्विलांस सैल जनपद फिरोजाबाद।